i-NEXT PAGE 4

ट्रांसजेंडर्स को मिले दाखिले में छूट

छात्रों की सुविधा के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना करने को लेकर हुई चर्चा

इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- लखनऊ यूनिवर्सिटी में ट्रांसजेंडर छात्रों को प्रवेश के लिए सीधे प्रवेश/छूट.
- अलग-अलग विभाग ट्रांसजेंडरों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे.
- इन छात्रों की सुविधा के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना की जाए.
- इन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए निकायों से वित्तीय अनुदान प्राप्त किया जाए.

LUCKNOW (31 July): उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी ने सोमवार को दो ट्रांसजेंडर नीलोफर (हमसफर एनजीओ की परियोजना निदेशक) व शिवेन गुरेजा के साथ लखनऊ यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया. उन्होंने विवि के कई पदाधिकारियों संग बैठक की. उन्होंने प्रो. पूनम टंडन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग, डॉ. विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव, प्रो. अरविंद अवस्थी, अधिष्ठाता कला संकाय, प्रो. अर्चना शुक्ला मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों से बातचीत की.

भिक्षा से शिक्षा की ओर

बैठक के दौरान उन्होंने विवि में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और स्वागत योग्य माहौल बनाने की पहल पर चर्चा की, जिसमें उनके प्रवेश को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया. उनका लक्ष्य ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स को सशक्त बनाना और उनकी स्थिति को भिक्षा (भीख) से शिक्षा (शिक्षा) तक ऊपर उठाना है. भारत में ट्रांसजेंडर्स को नौकरी देने में कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए, उनकी योग्यता और क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया.

समान अवसर दिए जाएं

विवि ने ट्रांसजेंडर प्रवेश बढ़ाने और उनकी शैक्षणिक यात्रा का समर्थन करने के प्रयासों को प्राथमिकता देने का वादा किया गया. छात्र कल्याण की डीन प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने और ट्रांसजेंडर्स सहित सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता है.

बीकाम और एलएलबी में सीट आवंटन

आज दोपहर तीन बजे से देख सकेंगे सीट आवंटन

- तीन अगस्त तक जमा कर सकेंगे फीस
- नोटिफिकेशन जारी किया

LUCKNOW (31 July): लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीबीए, बीकाम आनर्स, बीकाम एनईपी व एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम में आनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग के बाद सोमवार देर शाम मेरिट के आधार पर सीट आवंटन जारी कर दिया. अभ्यर्थी मंगलवार को दोपहर तीन बजे के बाद सीट आवंटन देख कर तीन अगस्त को रात 12 बजे तक फीस जमा कर सकेंगे. प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

अपग्रेडेशन का चयन करें

लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉक्टर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन चारों पाठ्यक्रमों में जिन अभ्यर्थियों को उनकी प्रथम वरीयता आवंटित नहीं हुई है, वे सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने के साथ ही अपग्रेडेशन का चयन करें, जिससे दूसरी आवंटन एवं अपग्रेडेशन में उनके प्रथम च्वाइस आवंटन की संभावना बनी रहे. यदि कोई अभ्यर्थी सीट कंफर्म फीस के साथ अपग्रेडेशन का चयन नहीं करता है तो दूसरे आवंटन में उन पर विचार नहीं किया जाएगा.

एलएलबी में सबसे ज्यादा दावेदार

एलएलबी इंटीग्रेटेड की लखनऊ यूनिवर्सिटी में 160 सीटें हैं. इन पर 4138 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी. वहीं, बीबीए में 2680, बीकाम आनर्स में 2564 तथा बीकाम एनईपी में 3476 प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे.

स्क्रीनिंग कमेटी करेगी थीसिस की स्कैनिंग

नए पीएचडी अध्यादेश को और बेहतर व गुणवत्तापरक बनाने के लिए कमेटी करेगी काम

59 साल से अधिक उम्र के टीचर नहीं बनेंगे सुपरवाइजर

एलयू अपने पीएचडी ऑर्डिनेंस में एक और बिंदु जोड़ने की तैयारी कर रहा है. इसके तहत 59 साल से ऊपर के टीचर्स पीएचडी नहीं करा सकेंगे. इसके अलावा रिचर्स एडवाइजरी कमेटी बनाने की बात की गई है, जिससे स्टूडेंट्स की प्रॉब्लम का समाधान किया जा सके.

LUCKNOW (31 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी के नए पीएचडी ऑर्डिनेंस में पीएचडी की थीसिस में क्वालिटी लाने के लिए कई काम किए जा रहे हैं. इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एलयू ने थीसिस की क्वालिटी मेनटेन रखने और चोरी के कंटेंट से बचने के लिए हर विभाग के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है. यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार संशोधित पीएचडी ऑर्डिनेंस तैयार किया जा रहा है. हर विभाग में कंटेंट की चोरी रोकने के लिए कमिटी बनाई जाएगी जिसमें तीन लोगों को शामिल किया गया है. वे थीसिस की ठीक से जांच करेंगे. इसके अलावा इंटरनेट से कंटेंट कॉपी करने के लिए भी स्क्रीनिंग की जाएगी.

कमेटी को तीन दिन में देनी होगी रिपोर्ट

इस कमेटी को तीन दिन में थीसिस की स्क्रीनिंग कर रिपोर्ट देनी होगी. साथ ही सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके स्क्रीनिंग की जाएगी. इस तरह से न केवल ऑथेंटिसी बरकरार रहेगी, स्टूडेंट्स को भी नाहक दौड़ना नहीं पड़ेगा.

स्टूडेंट्स ने जाना ग्लेशियरों का महत्व

जलवायु परिवर्तन सतत विकास पर एक्सपर्ट्स ने साझा किये अपने विचार

LUCKNOW (31 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार को जलवायु असंतुलन और सतत जीवन पर एक विशेष व्याख्यान हुआ. इस दौरान डॉ. अनीता भटनागर जैन, पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्य वक्ता रहीं. वहीं, आरएमएलएलए विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी और एलयू के लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी की निदेशक प्रोफेसर मत्रेयी प्रियदर्शिनी ने मेहमानों का स्वागत किया.

विषय की दी जानकारी

परामर्श और मार्गदर्शन सेल की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना ने दर्शकों को विषय के बारे में जानकारी दी. डॉ. अनीता भटनागर जैन ने ग्लेशियरों के महत्व और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव पर जोर दिया. उन्होंने जल वार्तालाप और ग्रीन हाउस प्रभाव पर जोर दिया. प्राकृतिक संसाधनों के न्यायिक उपयोग की वकालत की. उन्होंने कुछ स्लाइड शो और एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की. प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने जलवायु परिवर्तन सतत विकास पर अपने विचार साझा किये.

प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ

कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर एम प्रियदर्शिनी ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को पानी बचाने और प्राकृतिक संसाधनों का न्यायिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. मौके पर प्रोफेसर मधुरिमा प्रधान, प्रोफेसर नाजनीन, डॉ. विनीत डेविड, डॉ. अभिषेक जयसवाल, डॉ. रुचि, डॉ. परिधि और अन्य संकाय अध्यक्ष व स्टूडेंट्स मौजूद रहे.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

किन्नरों को उच्च शिक्षा के लिए जागरूक करेगा लविवि

लखनऊ। किन्नरों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय काम करेगा। इन्हें उच्च शिक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को लविवि और राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी की बैठक हुई। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने कहा, यह बैठक परिसर में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए अधिक सहायक व स्वीकार्य स्थान बनाने की दिशा में अहम कदम है। बैठक में कुलसचिव विनोद कुमार सिंह, प्रो. अरविंद अवस्थी आदि थे। (संवाद)

आज जारी होगा सीट आवंटन

लखनऊ। बीबीए, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स व एलएलबी ऑनर्स के पाठ्यक्रमों के आवेदकों का सीट आवंटन लविवि मंगलवार को जारी करेगा। दोपहर तीन बजे के बाद वेबसाइट पर यह दिखेगा। च्वॉइस फिलिंग की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो गई। चयनित तीन अगस्त की रात 12 बजे तक फीस जमा कर सकते हैं। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन्हें फर्स्ट च्वॉइस आवंटित नहीं हुई है, वे फीस जमा करने के साथ अपग्रेडेशन का चयन करें। इससे दूसरे आवंटन में उनकी फर्स्ट च्वॉइस अलॉटमेंट की संभावना रहेगी। (संवाद)

शिकायत समिति के लिए तीन छात्र नामित

लखनऊ। लविवि के कुलपति ने आंतरिक शिकायत समिति के लिए तीन विद्यार्थियों को नामित किया है। इनमें हिंदी की शोध छात्रा रत्नमाला भारती, एमए परास्नातक राजनीति विज्ञान के अभिनव बाजपेई व बीए राजनीति विज्ञान के मंयक पांडेय शामिल हैं। ये छात्र संबंधी शिकायतों पर विचार करके उनके निस्तारण में योगदान देंगे। (संवाद)

प्रो. विभूति बने संकाय अध्यक्ष

लखनऊ। लविवि के भूविज्ञान विभाग के प्रो. विभूति राय ने सोमवार को विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष का पद ग्रहण कर लिया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने डीन साइंस प्रो. बृजेंद्र सिंह का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें नामित किया था। प्रो. विभूति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या सेवानिवृत्ति तक पद पर रहेंगे। (लविवि)

HINDUSTAN PAGE 6

इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी में तीन छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी में पीएचडी कर रहीं रतनमाला, एमए पॉलिटिकल साइंस द्वितीय सेमेस्टर के अभिनव बाजपेई और बीए पॉलिटिकल साइंस के द्वितीय सेमेस्टर के मयंक पांडेय को शामिल किया गया है। यह छात्र विवि के अन्य छात्रों की समस्या के समाधान के लिए कमेटी के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की मदद करेंगे।

प्राकृतिक संसाधनों का सार्थक इस्तेमाल करें

लखनऊ। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग उचित तरीके से करना चाहिए। इनका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग से असंतुलन हो जाएगा। एलयू में जलवायु असंतुलन और सतत जीवन विषय पर पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अनीता भटनागर जैन ने ग्लेशियरों के महत्व और जलवायु परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा की।

'प्राकृतिक संसाधनों का हो सही प्रयोग'

विशेष व्याख्यान में मौजूद मुख्य वक्ता पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. अनीता भटनागर जैन (बाएं से दाएं दूसरे स्थान पर), विभाग के हेड प्रो. मनोज दीक्षित व अन्य ● लवि

जासं, लखनऊ : लवि के लोक प्रशासन विभाग में सोमवार को 'जलवायु असंतुलन और सतत जीवन' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. अनीता भटनागर जैन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के हेड प्रो. मनोज दीक्षित ने की।

डा. अनीता भटनागर ने ग्लेशियरों के महत्व और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग की वकालत की। साथ ही कुछ स्लाइड शो और एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की। हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी की निदेशक प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी ने छात्रों को पानी बचाने और प्राकृतिक संसाधनों का न्यायिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

JAGRAN CITY PAGE III

एलएलबी, बीकाम व बीबीए कोर्स में हुआ सीट आवंटन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीबीए, बीकाम आनर्स, बीकाम एनईपी व एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम में आनलाइन काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग के बाद सोमवार देर शाम मेरिट के आधार पर सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी मंगलवार को दोपहर तीन बजे के बाद सीट आवंटन देख कर तीन अगस्त को रात 12 बजे तक फीस जमा कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर पंकज माथुर ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन चारों पाठ्यक्रमों में जिन अभ्यर्थियों को उनकी प्रथम वरीयता आवंटित नहीं हुई है, वे सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने के साथ ही अपग्रेडेशन का चयन करें, जिससे दूसरी आवंटन एवं अपग्रेडेशन में उनके प्रथम च्वाइस आवंटन की संभावना बनी रहे। यदि कोई अभ्यर्थी सीट कंफर्म फीस के साथ अपग्रेडेशन का चयन नहीं करता है तो दूसरे आवंटन में उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

एलएलबी में सबसे ज्यादा दावेदार : एलएलबी इंटीग्रेटेड की लवि में 160 सीटें हैं। इन पर 4138 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। वहीं, बीबीए में 2680, बीकाम आनर्स में 2564 तथा बीकाम एनईपी में 3476 प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे।

आज से तीन केंद्रों पर होगी बीएएमएस की परीक्षाएं

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सार्जरी (बीएएमएस) की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होंगी। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय, राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सा एवं मुमताज पीजी कालेज को केंद्र बनाया गया है, जहां छह कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। पहले दिन सुबह नौ से दोपहर 11 बजे तक बीएएमएस प्रथम और तृतीय प्रोफेशनल की परीक्षा होगी। (जासं)

प्रो. अवधेश बने प्रोग्राम के डायरेक्टर

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कामर्स विभाग के शिक्षक प्रो. अवधेश कुमार त्रिपाठी को एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंट प्रोग्राम का डायरेक्ट/ प्रोफेसर इंचार्ज बनाया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अग्रिम आदेशों तक मान्य रहेगा। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया है। (जासं)

आंतरिक शिकायत समिति में भी तीन विद्यार्थी शामिल

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बनी आंतरिक शिकायत समिति में तीन विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है। इसमें पीएचडी हिन्दी की जेआरएफ रत्नमाला, एमए द्वितीय सेमेस्टर पालिटिकल साइंस के छात्र अभिनव बाजपेई और बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मयंक पांडेय शामिल हैं। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्राकृतिक संसाधनों का किया जाए संतुलित उपयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि में जलवायु असंतुलन और सतत जीवन पर विशेष व्याख्यान में शामिल प्रतिभागी।

अमृत विचार : पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अनीता भटनागर जैन ने ग्लेशियरों के महत्व और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने जल वार्तालाप और ग्रीन हाउस प्रभाव पर जोर दिया। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के न्यायिक उपयोग की वकालत की। स्लाइड शो और एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की। उनका व्याख्यान छात्रों के लिए बहुत इंटरेक्टिव और जानकारीपूर्ण था।

प्रो. मनोज दीक्षित ने जलवायु परिवर्तन के सतत विकास पर अपने विचार साझा किए। चर्चा के बाद प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। प्रोफेसर एम प्रियदर्शिनी ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को पानी बचाने और प्राकृतिक संसाधनों का न्यायिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी की निदेशक प्रोफेसर मत्रेयी प्रियदर्शिनी ने मेहमानों का स्वागत किया। परामर्श और मार्गदर्शन सेल की निदेशक डॉ. वैशाली सक्सेना ने दर्शकों को विषय के बारे में जानकारी दी। प्रोफेसर मधुरिमा प्रधान, प्रोफेसर नाजनीन, डॉ. विनीत डेविड, डॉ. अभिषेक जयसवाल, डॉ. रुचि, डॉ. परिधि और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।

प्रो. विभूति राय ने संभाला विज्ञान संकाय का कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लविवि में भूविज्ञान के प्रोफेसर विभूति राय ने विज्ञान संकाय के नए संकायाध्यक्ष का चार्ज सोमवार को ले लिया। इस अवसर पर निवर्तमान डीन प्रो. बृजेंद्र सिंह और विज्ञान संकाय के कई अन्य विभागाध्यक्षों ने उनसे विचार रखे। इसके बाद प्रो. विभूति राय ने डीन के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विकास की योजनाएं गिनाईं।

उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों सहित विज्ञान संकाय के सभी सदस्यों द्वारा इसके उपयोग के लिए एक संकाय आधारित एप विकसित किया जाएगा।

प्रोफेसर अवधेश को एमबीए का प्रोग्राम डायरेक्टर बनाया गया

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने प्रोफेसर अवधेश कुमार त्रिपाठी को एमबीए का प्रोग्राम डायरेक्टर बनाया गया है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सदस्यों का लविवि का दौरा

लखनऊ। देविका देवेंद्र मंगलामुखी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड, उत्तर प्रदेश शासन ने 31 जुलाई 2023 को दो अन्य ट्रांसजेंडर नीलोफर तथा शिवेन गुरेजा के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारियों के साथ बैठक की और सार्थक बातचीत की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो अरविंद अवस्थी अधिष्ठाता कला संकाय, प्रो. श्रुति, हिंदी विभाग, प्रो अर्चना शुक्ला मनोविज्ञान विभाग सम्मिलित रहे। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर छात्रों को प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश/छूट, विभिन्न विभाग ट्रांसजेंडरों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन छात्रों की सुविधा के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना की जाए। इन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए निकायों से वित्तीय अनुदान प्राप्त किया जाए।

ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को मिले दाखिले में छूट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को प्रवेश में छूट देने की मांग उठी है। सोमवार को उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने लवि परिसर का निरीक्षण कर पदाधिकारियों के साथ बैठक में यह मांग की। यह भी कहा कि ट्रांसजेंडर छात्रों की सुविधा के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना भी की जाए।

दअरसल, ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी ने सोमवार को दो अन्य ट्रांसजेंडर एवं हमसफर एनजीओ की परियोजना निदेशक नीलोफर तथा शिवेन गुरेजा के साथ लवि परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. अरविंद अवस्थी हिंदी विभाग की प्रो. श्रुति एवं मनोविज्ञान विभाग की प्रो. अर्चना शुक्ला के साथ बैठक की। इस दौरान विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और स्वागत योग्य माहौल बनाने की पहल पर चर्चा की, जिसमें उनके प्रवेश को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

उप्र ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी ने दो अन्य ट्रांसजेंडर नीलोफर तथा शिवेन गुरेजा के साथ लवि परिसर का भ्रमण किया ● लवि

- उप्र ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने लवि के साथ बैठक में उठाई मांग

> पिछले साल पांच ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। लेकिन प्रवेश लेने नहीं आए थे। इस बार तीन आवेदन आए हैं। उन्हें अभी किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाती है। इस बार उन्होंने मांग की है।
> -डा. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता, लवि

ट्रांसजेंडर के अधिकारों पर चर्चा

जासं, लखनऊ: डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकार पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य गुड्डन ने अपने समुदाय के लोगों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किन्नर डेरा व ट्रांसजेंडर डेरा के एक साथ मिलकर कार्य करने को कहा। राज्य समन्वयक अमृता अल्पेश सोनी ने ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ समानता शिक्षा और आरक्षण जैसे विशेष बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया। पहल फाउंडेशन के सह संस्थापक दरवेश सिंह यादवेंद्र, जकारिया ने भी अपनी बात रखी। अध्यक्षता कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने की।

12 अगस्त से बीएड, 16 से एमकाम सम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड, बीएससी एग्रीकल्चर सहित परास्नातक सम सेमेस्टर के कई और विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 अगस्त को एक दिन होगी। इसके दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से एक सितंबर तक होंगी। छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स दूसरे सेमेस्टर (ओल्ड) एवं बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स दूसरे सेमेस्टर(एनईपी) रेगुलर की परीक्षाएं 16 अगस्त से एक सितंबर तक होंगी। इसके चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 30 अगस्त संचालित होंगी। वहीं, एमकाम कामर्स चौथे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षा 16 से 24 अगस्त, दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 अगस्त से तीन सितंबर, एमकाम दूसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं 17 से 29 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की 16 से 26 अगस्त होंगी। इसी तरह एमएससी एग्रीकल्चर एनटोमोलाजी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 16 से 24 अगस्त, एमएससी एग्रीकल्चर हर्टिकल्चर दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 16 से 24 अगस्त तक होंगी। एमए लिंग्विस्टिक्स दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 16 अगस्त से एक सितंबर, चौथे सेमेस्टर की 17 से 25 अगस्त संचालित होंगी।

इनकी भी तिथि तय : एमए साइकोलाजी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 19 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की नौ से 16 अगस्त, एमए पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 24 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 18 अगस्त, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 22 अगस्त, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 18 अगस्त, एमए कम्पोजिट हिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से 18 अगस्त तक होंगी।

पहल | उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की सदस्य ने किया लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण

ट्रांसजेंडर छात्रों को ले जाएंगे भिक्षा से शिक्षा की ओर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि पहुंचीं उप्र ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी साथ में अन्य।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका देवेंद्र मंगलामुखी ने लखनऊ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। साथ ही ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अधिक समावेशी और स्वागत योग्य माहौल बनाने की पहल पर चर्चा की। उनका लक्ष्य ट्रांसजेंडर छात्रों को सशक्त बनाना और उनकी स्थिति को भिक्षा से शिक्षा की ले जाना है। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों के साथ बैठक की।

छात्रों के बीच ट्रांसजेंडर मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए व अधिक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी चर्चा की। भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को नौकरी देने में कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए, उनकी योग्यता और क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। विश्वविद्यालय ने ट्रांसजेंडर प्रवेश बढ़ाने और उनकी शैक्षणिक यात्रा का समर्थन करने के प्रयासों को प्राथमिकता देने का वादा किया गया।

छात्र कल्याण की डीन प्रो. पूनम टंडन ने समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों सहित सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता बताई। बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर छात्रों को प्रवेश के लिए सीधे प्रवेश/छूट की मांग की गयी। साथ ही विभिन्न विभाग ट्रांसजेंडरों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे, इन छात्रों की सुविधा के लिए एक ट्रांसजेंडर सेल की स्थापना की जाए और कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए निकायों से वित्तीय अनुदान प्राप्त किया जाए। बता दें कि विश्वविद्यालय प्रवेश में अभी कोई छूट नहीं दे रहा है।

मंगलामुखी के साथ दो अन्य ट्रांसजेंडर नीलोफर और शिवेन गुरेजा मौजूद रहीं। बैठक के दौरान इनमें प्रो पूनम टंडन , डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. श्रुति, प्रो. अर्चना शुक्ला मनोविज्ञान विभाग सम्मिलित रहे।

किन्नर डेरा व ट्रांसजेंडर डेरा एक साथ मिलकर काम करें

अमृत विचार , लखनऊ : डॉ . शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने पैनल चर्चा का आयोजन किया। इसका विषय भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकार रहा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य गुड्डन गुरु ने अपने समुदाय के लोगों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने किन्नर डेरा व ट्रांसजेंडर डेरा को एक साथ मिलकर कार्य करने को कहा। दरवेश सिंह यादवेंद्र ने ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों पर चर्चा करते हुए नालसा फैसले तथा 2019 के अधिनियम का जिक्र किया। वही अमृता ने ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ समान शिक्षा और आरक्षण जैसे विशेष बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया।

बीबीए, बीकॉम के लिए सीट आवंटन जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बीबीए, बीकॉम (आनर्स), बीकाम (एनईपी) और एलएलबी (पांच वर्ष) की आनलाइन काउंसलिंग के तहत च्वाइस फिलिंग समाप्त हो चुकी है। उक्त पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों की दी गई च्वाइस को देखते हुए सीट आवंटन जारी कर दिया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर पूर्व में दिए गए अपने लॉग इन आईडी और पासवर्ड से आवंटित सीटों का विवरण देख सकते हैं। तीन अगस्त की रात 12 बजे तक आनलाइन सीट के लिए फीस जाम कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों को उनकी वरीयता के आधार पर सीट नहीं मिली है वे फीस जमा करके अपग्रेडेशन का विकल्प चुन सकते हैं।

11 कंपनियों ने दिया नौकरी का ऑफर

अमृत विचार, लखनऊ: राजकीय आईटीआई में शिशिक्षु रोजगार मेले का उद्घाटन नोडल प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने किया। एमए खान ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि शिशिक्षु रोजगार मेले में लगभग 600 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 292 अभ्यर्थियों को 11 कंपनियों ने 7700 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं पर जॉब के ऑफर दिए हैं। जो अभ्यर्थी रोजगार मेले से वंचित रह गए है, वे अभ्यर्थी 14 अगस्त, 2023 को राजकीय आईटीआई अलीगंज में होने वाले प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मे